Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding enquiry in alleged monopoly and involvement of fraudulent practices in launching different versions of mobile phones operating systems by two companies.

श्री बालक नाथ (अलवर): माननीय सभापति महोदय, मैं सरकार और पूरे सदन का ध्यान, देश की जनता के साथ जो फ्रॉड हो रहा है, इस विशेष मामले की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

हमारे देश में जो मोबाइल निर्माता कम्पनियाँ हैं, इनकी एक बहुत बड़ी मोनोपोली है। Algorithms are manipulated. Monopolisation and duplication of technology are done only by two companies. ये सिर्फ दो कम्पनियाँ चलाती हैं, जिनमें से एक एंड्रॉइड है, जो पूरी तरह से गूगल बेस्ड है और दूसरा आईओएस है, जो आई फोन-एप्पल बेस्ड है।

हम देखते हैं कि जैसे ही मार्केट में फोन्स का नया वर्जन आता है, तो धीरे-धीरे पुराना वर्जन हैंग होने लगता है। उसके कैमरे काम करना बंद कर देते हैं। हमें उसमें तरह-तरह की दिक्कतें महसूस होती हैं। मार्केट में नया फोन आते ही पुराना फोन खराब होने लगता है। ये दो कम्पनियाँ मिलकर देश की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा कर रही हैं।

मैं मांग करता हूँ कि इनकी जाँच होनी चाहिए। इसके साथ-साथ हमारी सरकार का, हमारे प्रधानमंत्री जी का जो सपना है और उनका आत्मनिर्भर भारत का जो लक्ष्य है, वह निश्चित रूप से पूरा होगा। हमें भी अपने देश में एक ऐसी टेक्नोलॉजी को, एक ऐसे प्रोसेसर को बनाना होगा, जो हमारी फोन निर्माता कम्पनियाँ बनाएं और सारे फोन्स उसी प्रोसेसर के द्वारा चलें।

जनता के साथ बहुत धोखा हो रहा है। बहुत ही महंगे फोन्स होते हैं। लेकिन जैसे ही नया वर्जन आता है, तो पुराना वर्जन खराब हो जाता है, उसके कैमरे काम करने बंद कर देते हैं। इसकी जाँच होनी चाहिए। ये दो कम्पनियाँ

जनता की जेब से पैसे खींचने का काम कर रही हैं, उनके ऊपर लगाम लगाने का काम हो।